Seat No. : _______________

# MM-203(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-IV**

**208 : Taxation-2**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**निर्देश :** (1) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दर्शाए गए हैं ।
(2) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
(3) आवश्यक गणनाओं को प्रत्येक प्रश्न के भाग के रूप में दर्शाएँ ।

1. श्री ऋतुराज गायकवाड के व्यवसाय का ता. 31-3-2023 को समाप्त होते वर्ष का लाभ-हानि खाता निम्नानुसार है : **14**

**उ.** **लाभ-हानि खाता** **ज.**

| विवरण | (₹) | विवरण | (₹) |
|---|---|---|---|
| सामान्य खर्च | 80,000 | सकल लाभ | 14,56,800 |
| स्टाफ का वेतन | 9,20,000 | बट्टा तथा कमीशन | 65,000 |
| डूबत ऋण | 20,000 | अंश पर लाभांश | 28,000 |
| डूबत ऋण अनामत | 50,000 | डूबत ऋण वसूली | 12,000 |
| कर का प्रावधान | 97,000 | अंश विक्रय पर लाभ | 88,200 |
| आय कर | 1,18,000 | | |
| जीवन बीमा प्रीमियम | 18,000 | | |
| मोटर कार व्यय | 40,000 | | |
| आग से नुकसान | 28,000 | | |
| विधिक व्यय | 18,000 | | |
| दान | 25,000 | | |
| पूँजी पर ब्याज | 60,000 | | |
| पुत्र को जन्म-दिवस की भेंट | 11,000 | | |
| मोटर कार पर मूल्यह्रास | 80,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 85,000 | | |
| | **16,50,000** | | **16,50,000** |

**अतिरिक्त जानकारियाँ :**

(1) स्टाफ के वेतन में उसकी पत्नी के ₹ 1,20,000 सम्मिलित हैं, जो कि व्यवसाय में किसी भी प्रकार का कर्त्तव्य निष्पादन नहीं करती है ।

(2) डूबत ऋण वसूली में से 40% राशि पिछले वर्ष में मान्य नहीं थी ।

(3) मोटर कार का 60% उपयोग व्यक्तिगत कार्यों हेतु होता है ।

(4) ₹ 32,000 की व्यावसायिक आय लाभ–हानि खाते में अभिलेखित नहीं की गई है ।

(5) ₹ 12,000 का अग्नि बीमा प्रीमियम लाभ–हानि खाते में अभिलेखित नहीं किया गया है ।

उपरोक्त जानकारियों के आधार पर कर–निर्धारण वर्ष 2023-24 हेतु व्यवसाय के कर–पात्र लाभ की गणना कीजिए ।

**अथवा**

1. डॉ. एम.एस. धोनी की ता. 31-3-2023 को समाप्त होते वर्ष हेतु प्राप्ति एवं भुगतान से संबंधित जानकारियाँ निम्नानुसार हैं : **14**

**प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| **प्राप्ति** | **(₹)** | **भुगतान** | **(₹)** |
|---|---|---|---|
| आरंभिक शेष | 3,33,800 | हॉस्पिटल का किराया | 1,20,000 |
| विज़िट फीस | 2,62,000 | वेतन | 4,60,000 |
| कन्सल्टेशन फीस | 7,20,000 | टेलिफोन बिल | 12,000 |
| दवाओं का विक्रय | 1,44,000 | पत्रिका का क्रय | 6,000 |
| ऑपरेशन थियेटर का किराया | 1,24,200 | मोटर कार व्यय | 6,000 |
| अंश पर लाभांश | 67,200 | म्युनिसिपल कर | 12,000 |
| बैंक सावधि जमा पर ब्याज | 24,000 | व्यवसाय हेतु यात्रा व्यय | 12,000 |
| रिश्तेदारों से प्राप्त भेंट | 1,60,000 | जीवन बीमा प्रीमियम | 24,000 |
| सर्जिकल साधनों का विक्रय | 44,800 | दवाओं का क्रय | 80,000 |
| घर किराया (किराये पर दिया हुआ) | 1,20,000 | पुत्र हेतु मोबाइल का क्रय | 42,000 |
| | | अंतिम शेष | 12,26,000 |
| | **20,00,000** | | **20,00,000** |

**अतिरिक्त जानकारियाँ :**

(1) हॉस्पिटल किराये में 40% आवासीय मकान का किराया है ।

(2) वेतन में अपने पुत्र को चुकाए गए ₹ 20,000 सम्मिलित है, जो कि व्यवसाय में किसी भी कर्त्तव्य का निष्पादन नहीं करता है ।

(3) म्युनिसिपल कर में ₹ 4,800 आवासीय मकान का कर है ।

(4) मोटर कार का उपयोग ऑफिस तथा व्यक्तिगत कार्य के लिए 2 : 1 के अनुपात में किया जाता है ।

(5) मोटर कार का आरंभिक शेष ₹ 1,20,000 था । अनुमेय मूल्यह्रास 15% है ।

(6) दवाओं का आरंभिक शेष तथा अंतिम शेष क्रमशः ₹ 70,000 तथा ₹ 20,000 हैं ।

उपरोक्त जानकारियों के आधार पर कर–निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए व्यवसाय तथा पेशे से कर–पात्र आय की गणना कीजिए ।

2. श्री रविन्द्र जाडेजा ने पूर्व वर्ष 2022-23 की निम्न जानकारियाँ प्रदान की हैं : **14**

| **संपत्ति** | **क्रय की तिथि** | **क्रय कीमत (₹)** | **विक्रय की तिथि** | **विक्रय कीमत (₹)** | **विक्रय व्यय (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| आवासीय मकान | 1-7-2017 | 40,80,000 | 1-6-2022 | 52,00,000 | 13,000 |
| आभूषण | 1-1-2013 | 3,60,000 | 1-7-2022 | 8,25,000 | 7,200 |
| व्यक्तिगत मोटर कार | 1-8-2014 | 6,20,000 | 1-8-2022 | 3,25,000 | 5,000 |
| गैर–पंजीकृत डिबेन्चर्स | 1-1-2012 | 3,73,200 | 1-9-2022 | 5,98,000 | 2,800 |

| **वर्ष** | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2017-18 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूचकांक** | 184 | 200 | 220 | 272 | 331 |

कर–मुक्ति के लाभ हेतु उन्होंने ता. 1-10-2022 को NHAI के पंचवर्षीय बॉण्ड्स में ₹ 1,11,000 का निवेश किया है ।

उपरोक्त जानकारियों के आधार पर कर–निर्धारण वर्ष 2023-24 हेतु कर–पात्र पूँजीगत लाभ की गणना कीजिए ।

**अथवा**

2. श्री शिवम दूबे ने पूर्व वर्ष 2022-23 से संबंधित निम्न जानकारियाँ प्रदान की हैं : **14**

| | विवरण | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | बैंक सावधि जमा पर प्राप्त ब्याज | 6,000 |
| (2) | सेमिनार में लेक्चर की आय | 10,000 |
| (3) | पोस्ट ऑफिस में बचत खाते का ब्याज (पत्नी के साथ संयुक्त खाता) | 6,000 |
| (4) | सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज | 19,000 |
| (5) | कंपनी की निदेशक (डिरेक्टर) फीस | 20,000 |
| (6) | अघोषित स्रोत से आय | 2,84,000 |
| (7) | लॉटरी में जीत से आय (TDS @ 30%) | 70,000 |
| (8) | उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक की रॉयल्टी | 82,000 |
| (9) | रिश्तेदार को दिए गए लोन पर ब्याज | 14,000 |
| (10) | गोल्ड मोनेटाइज़ेशन स्कीम में निवेश पर ब्याज | 18,000 |
| (11) | पंजीकृत कंपनी के डिबेंचर्स पर प्राप्त ब्याज (TDS @ 10%) | 18,000 |
| (12) | पोस्ट ऑफिस की मासिक आय योजना (MIS) पर ब्याज (पत्नी के साथ संयुक्त खाता) | 6,000 |

उन्होंने अपने द्वारा लिखी पुस्तक की टाइपिंग हेतु ₹ 6,000 के व्यय का भुगतान किया ।

उपरोक्त जानकारियों के आधार पर कर–निर्धारण वर्ष 2023-24 हेतु अन्य स्रोतों से कर–पात्र आय की गणना कीजिए ।

3. (A) "धारा 80D के अंतर्गत मेडीक्लेम पॉलिसी पर प्रीमियम संबंधी कटौती" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

(B) "पूँजीगत हानियों का समंजन (set-off) तथा शेष आगे ले जाना" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

**अथवा**

3. (A) "धारा 80 EE तथा धारा 80 EEA के अंतर्गत मकान ऋण पर ब्याज संबंधी कटौती" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

(B) "व्यावसायिक हानियों का समंजन (set-off) तथा शेष आगे ले जाना" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

4. (A) "GST के प्रकार" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

(B) "GST परिषद तथा उसके कार्य" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

**अथवा**

4. (A) "इनपुट टेक्स क्रेडिट" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

(B) "व्यवसाय का स्थल" पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

5. सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) निम्न में से कौन सा व्यावसायिक प्रवृत्तियों से राजस्व (आय) का एक उदाहरण है ?

(a) वस्तु अथवा सेवा का विक्रय

(b) नौकरी से वेतन

(c) मकान संपत्ति से किराये की आय

(d) इनमें से कोई नहीं

(2) व्यवसाय के बचत खाते से प्राप्त ब्याज की कर–पात्रता क्या है ?

(a) कर–पात्र नहीं है। (b) संपूर्ण कर–पात्र है।

(c) निम्न दर पर कर–पात्र है। (d) उच्च दर पर कर–पात्र है।

(3) आयकर अधिनियमाधीन मूल्यह्रास की गणना की कौन सी पद्धति मान्य है ?

(a) घटते शेष की विधि (b) सीधी रेखा पद्धति

(c) (a) तथा (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

(4) 3 वर्ष से अधिक समय से धारित पूँजीगत संपत्ति के विक्रय से किस प्रकार का पूँजीगत लाभ होता है ?

(a) अल्पकालीन पूँजीगत लाभ

(b) दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ

(c) मध्यमकालीन पूँजीगत लाभ

(d) इनमें से कोई नहीं

(5) मकान सम्पत्ति के अतिरिक्त पूँजीगत संपत्ति के विक्रय से उद्‌भवित पूँजीगत लाभ के लिए धारा 54F के अंतर्गत कर-मुक्त पूँजीगत लाभ का कौन सा सूत्र सही है ?

(a) $\dfrac{\text{नए मकान में किया गया निवेश} \times \text{कुल पूँजीगत लाभ}}{\text{कुल शुद्ध उपज}}$

(b) $\dfrac{\text{नए मकान में किया गया निवेश} \times \text{कुल शुद्ध उपज}}{\text{कुल पूँजीगत लाभ}}$

(c) $\dfrac{\text{कुल शुद्ध उपज} \times \text{कुल पूँजीगत लाभ}}{\text{नए मकान में किया गया निवेश}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

(6) अंकिता ने पिछले वर्ष में जन्म-दिवस पर ₹ 55,000 के उपहार अपने दादा से प्राप्त किए । उपहारों की कर-पात्रता बताइए ।

(a) संपूर्ण कर-पात्र
(b) संपूर्ण कर-मुक्त
(c) ₹ 5,000 कर-पात्र
(d) इनमें से कोई नहीं

(7) जीवन बीमा प्रीमियम, पी.पी.एफ. आदि हेतु धारा 80C के अंतर्गत अधिकतम अनुमेय कटौती ________ है ।

(a) ₹ 1,50,000
(b) ₹ 1,00,000
(c) ₹ 50,000
(d) इनमें से कोई नहीं

(8) धारा 80E के अंतर्गत कटौती __________ हेतु अनुमेय है ।

(a) मेडीक्लेम प्रीमियम
(b) शैक्षणिक ऋण पर ब्याज
(c) बचत खाते पर ब्याज
(d) इनमें से कोई नहीं

(9) यदि कोई नाबालिग बालक अपने कौशल अथवा प्रतिभा के कारण आय प्राप्त करता है तो उस पर कर किस प्रकार लगाया जाता है ?

(a) इस पर नाबालिग बालक के हस्तस्थ अलग से कर वसूला जाता है ।

(b) उसके माता-पिता की आय में जोड़ दिया जाता है ।

(c) कर-मुक्त माना जाता है ।

(d) इनमें से कोई नहीं

(10) निम्न में से कौन सा GST का एक भाग नहीं माना जाता है ?

(a) IGST (b) VAT

(c) CGST (d) SGST

(11) भारत में GST का अमलीकरण कब से हुआ ?

(a) 1 जुलाई, 2017 (b) 1 अप्रैल, 2017

(c) 1 जनवरी, 2017 (d) इनमें से कोई नहीं

(12) IGST का पूर्ण रूप क्या है ?

(a) Integrated Goods and Sales Tax

(b) Integrated Goods and Service Tax

(c) Indian Goods and Service Tax

(d) इनमें से कोई नहीं